# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की आंशिक शुरुआत मार्च से!

बीएस संवाददाता / लखनऊ December 11, 2020

उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से को दिल्ली से जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को अगले साल मार्च तक आंशिक रुप से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे की ही तर्ज पर यहां भी वायुसेना के लड़ाकू विमान उतारे जा सकेंगे। मेरठ से प्रयागराज तक प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास भी अगले साल किया जाएगा।